<u>हिन्दी दिवस २०२१</u>

धीरुभाई अंबानी अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय के प्राइमरी विभाग के बच्चे 'हिन्दी-दिवस' के दिन आभासीय पटल पर मुखरित हो उठे, अवसर था 'हिंदी दिवस' का। विद्यालय का ध्येय है- बच्चों में बाल्यावस्था से ही अंतर्राष्ट्रीय सोच के साथ-साथ भारतीय संस्कृति व मूल्यों का

आदर व पालन करने की भावना को सम्मान देना। अत: हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भारत की राजभाषा हिंदी के स्वरों से पटल गूँज उठा। **यू॰के॰जी॰** व **कक्षा एक** के बच्चों ने मीठे स्वर में कविता

पाठ किया तो कक्षा ३ व ४ के बच्चों ने नारे व तथ्यों से सबको अवगत करवाया। कक्षा चार के बच्चों ने सुंदर काव्य-पाठ किया व अंत में

कक्षा दो ने कुछ शिष्टाचार के शब्द दिखाए और एक मधुर गीत **'हिंदी है मेरी भाषा'** से

कार्यक्रम का समापन किया। सभी के सुंदर समायोजन ने आभासीय पटल की शोभा में चार चाँद लगा दिए।